हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025



तापमान

अधिकतम 27.6 डिग्री

न्यूनतम 13.1 डिग्री



क्रिसमस के अवसर पर गुरुवार को कानन पेंडारी में उमड़ी पर्यटकों की भीड़

## खबर संक्षेप

### नए शहर एडीशनल एसपी पटेल ने लिया चार्ज

**बिलासपुर।** दो दिन पहले जारी हुए तबादला आदेश के बाद नव पदस्थ



एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल ने सिटी एएसपी का पदभार गुरुवार को संभाल लिया है। गुरुवार की दोपहर एएसपी पंकज कुमार पटेल एसएसपी रजनेश सिंह से मिलने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के कुछ देर बाद ही वे बहतराई स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था को संभालने पहुंच गए। अब तक एएसपी सिटी का कार्यभार संभाल रहे एएसपी राजेंद्र जायसवाल का तबादला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला हो गया था, वे यहां से रिलीव हो गए हैं।

### विधि संकाय अंतर्गत परीक्षा टाइम टेबल जारी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के विधि संकाय अंतर्गत एलएलबी भाग एक सेमेस्टर प्रथम, एलएलबी भाग दो सेमेस्टर प्रथम, एलएलबी भाग तीन सेमेस्टर प्रथम व बीएएलएलबी सेमेस्टर तथा बीकाम एलएलबी सेमेस्टर, एलएलएम सेमेस्टर प्रथम व सेमेस्टर तृतीय की जनवरी-फरवरी 2026 परीक्षाओं की अंतिम समय सारणी यूनिवर्सिटी द्वारा जारी कर दी गई है। अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध विधि पाठ्यक्रम संचालित सभी कालेजों एवं परीक्षार्थियों को अंतिम समय सारणी का अवलोकन करने कहा गया है।

### थर्ड सेमेस्टर परीक्षा का टाइम टेबल संशोधित

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित फर्स्ट व थर्ड सेमेस्टर



परीक्षा चल रही है। इसी बीच यूनिवर्सिटी ने बीएससी थर्ड सेमेस्टर बायो ग्रुप के परीक्षा टाइम टेबल में संशोधन किया है और 6 जनवरी को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक इकोनामिक जियोग्राफी का पेपर अब उसी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसी तरह बीबीए थर्ड सेमेस्टर फंडामेंटल ऑफ फिजिकल जियोग्राफी का पेपर पहले 5 जनवरी को सुबह 8 से 11 बजे होने वाली थी जो अब उसी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसके अलावा भी कुछ और विषयों के टाइम टेबल संशोधित हुए हैं।

## सालों से जमे जुगाड़ू कर्मचारियों और अफसरों को भी करारा झटका

# युक्तियुक्तकरण के बाद 100 से अधिक शिक्षकों ने नहीं किया ज्वाइन, आरोप पत्र जारी, होगी विभागीय जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा विभाग की ओर से किए गए शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के दौरान जिन स्कूलों में पदस्थापना की गई थी, वहां कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच के लिए आरोप पत्र जारी किए गए हैं। ऐसे शिक्षकों की संख्या 100 के करीब बताई जा रही है। इसके साथ ही जिलों में जितने भी अटैचमेंट हैं उन्हें खत्म करने का आदेश जारी किया गया है। इनकी कुल संख्या करीब 200 है।

छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के सरकारी महकमों में सालों से जमे जुगाड़ू कर्मचारियों और अफसरों को करारा झटका दिया है। सरकार ने आदेश जारी किया है कि सभी विभागों में चल रहे अटैचमेंट यानी संलग्नीकरण को तुरंत खत्म किया जाए। अब जिस कर्मचारी की भर्ती जिस काम के लिए हुई है उसे वही काम करना होगा। शासन ने साफ कर दिया है कि अगर जिला अधिकारियों ने इस आदेश को हल्के में लिया या अपने चहेतों को नहीं छोड़ा तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नए मुख्य सचिव विकास शील ने सुशासन की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया है ताकि ई ऑफिस और बायोमेट्रिक हाजिरी जैसे सिस्टम को मजबूती से लागू किया जा सके। बड़ी संख्या में बिलासपुर संभाग के शिक्षक शामिल हैं।

### प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किए गए

इधर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिले के शिक्षकों के खिलाफ जांच में संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को जांचकर्ता अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिक्षकों के खिलाफ जारी आरोप पत्र में कहा गया है कि संबंधित शिक्षक ने शाला में कार्य भार ग्रहण नहीं किया। उन्होंने जिला / संभाग स्तरीय समिति के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था। यह अभ्यावेदन अमान्य किया गया है। अभ्यावेदन अमान्य होने के पश्चात भी युक्तियुक्तकरण पदांकित शाला में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया। इस प्रकार शिक्षक ने शासन व उच्च कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना की, जो कि स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है। यह आचरण गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है।



**ई ऑफिस, बायोमेट्रिक हाजिरीसिस्टम को लागू करने की कवायद**

### सांसद, विधायक का पीए बनकर कर रहे काम

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 200 से अधिक टीचर स्कूल में पढ़ाना छोड़कर दूसरे विभाग में कार्यकाल का काम देख रहे हैं। अटैचमेंट का खेल ऐसा है की दूर-दराज में पदस्थ टीचर अटैचमेंट करा कर मुख्यालय में काम कर रहे हैं। यहां तक सांसद, विधायक का पीए बनकर उनका काम देखने वाले शिक्षकों को मूल स्थान पर भेजने कलेक्टर ने आदेश जारी किया हैं। जानकारी के मुताबिक अटेचमेंट कराकर कई शिक्षक जिला पंचायत, समाज कल्याण,महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, राजस्व विभाग, बाल संप्रेक्षण गृह,सहित दूसरे विभाग में अटैच होकर गैर शिक्षक के दफ्तर का काम कर रहे हैं। इस वजह से स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। और स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई है।

### जारी किए गए हैं आरोपपत्र

शिक्षा विभाग की ओर से किए गए शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के दौरान जिन स्कूलों में पदस्थापना की गई थी, वहां कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच के लिए आरोप पत्र जारी किए गए हैं। इसके साथ ही जिलों में जितने भी अटैचमेंट हैं उन्हें खत्म करने का आदेश जारी किया गया है।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

## वायरल हो रहा वीडियो

# कोनी रोड में नशे में धुत युवक युवती का हाई वोल्टेज ड्रामा



**युवक को झापड़ मारते दिखी युवती**

बीती रात कोनी रोड में नशे में धुत एक युवती व युवक हाई वोल्टेज ड्रामा कर रहे थे। बीच सड़क में युवती एक युवक को झापड़ से मार रही थी। लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरूवार को सोशल मीडिया वायरल इस वीडियो में युवक यह कहते नजर आ रहा है कि लड़के मार खाने के लिए बने है। इन दोनों की ड्रामेबाजी से सड़क पर ट्रैफिक जाम हो गया था। आसपास के लोगों ने दोनों का झगड़ा करते हुए मोबाइल में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। मजेदारबात यह है कि रात में बीच सड़क में विवाद होता रहा लोगों की भीड़ जमी रही और किसी ने विवाद शांत कराने का प्रयास नहीं किया गया है। संबंधित क्षेत्र के पुलिस भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

विगत कुछ समय से लड़कियों के नशे करने से आए दिन विवाद हो रहा है। पिछले दिनों सिरगिट्टी क्षेत्र के इम्युल बार व मगरपारा रोड स्थित सिल्वर ओक बार में लड़की से छेड़खानी करने को लेकर चाकूबाजी की वारदात हो चुकी है। वहीं बार के आसपास नशे में युवक व युवतियों को लड़ाई करते देखना आमबात हो गई है।

### भिलाई के इंटरनेशनल रैफरी से मारपीट

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्कूल ग्राउंड में बास्केटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हारने के बाद टीम के खिलाड़ी बौखला गए और रैफरशिप करने भिलाई से बिलासपुर आए इंटरनेशनल रैफरी से मारपीट शुरू कर दी। रैफरी की शिकायत पर आरोपियों कें खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

बास्केटबाल फेडरेशन के तत्वावधान में 21 से 24 दिसम्बर तक तीन दिवसीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ स्कूल में किया जा रहा था। प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबला शाम 7 बजे राइजिंग चौकसे और डीएलएस डायनामोस के बीच खेला गया, जिसमें डीएलएस डायनामोस की टीम ने राइजिंग चौकसे की टीम को 51-49 अंकों से हराया। फाइनल मुकाबले के लिए फेडरेशन ने विशेष रूप से भिलाई के इंटरनेशनल रैफरी परसरामन राजपूत को आमंत्रित किया था। मैच के बाद राइजिंग चौकसे टीम के खिलाड़ी और रेलवे कर्मचारी मनोज यादव उर्फ कपाला और बी दिनेश ने रैफरी से मारपीट की। इससे पहले रेल कर्मचारी मनोज यादव और बी दिनेश ने इंटरनेशनल रैफरी से वर्ष 2018 में जांजगीर-चांपा में टूर्नामेंट के दौरान मारपीट की थी, जिसकी शिकायत रैफरी ने जांजगीर-चांपा में की थी। जांजगीर में भी दोनों ने बिलासपुर आने पर मारने की धमकी दी थी। इंटरनेशनल बास्केटबाल के रैफरी परसरामन की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने रेल कर्मचारी मनोज यादव और बी दिनेश के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है।

## लालखदान हादसा

# चीफ सीआरएस ने चेक किया आटो सिग्नल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान हादसे की जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है। पिछले डेढ़ माह के अंतराल में सीआरएस ने घटना की जांच करने के बाद प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप दिया है। वहीं इसकी जांच करने के लिए दिल्ली से चीफ सीआरएस बिलासपुर पहुंचे थे, जिन्होंने बिलासपुर से चांपा के बीच आटो सिग्नल व लाइन का ट्रॉली निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जोन व डिवीजन के अधिकारी भी मौजूद थे।

- **बिलासपुर से चांपा के बीच किया गया ट्रॉली निरीक्षण, मंडल के अधिकारी रहे मौजूद**

डेढ़ माह पहले बिलासपुर डिवीजन के लालखदान चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे कोरबा-बिलासपुर लोकल ट्रेन के मालगाड़ी से टकराने के बाद 13 यात्रियों की मौत और 19 से अधिक यात्री घायल हो गए थे। मृत यात्रियों में लोकल ट्रेन का चालक और घायलों में महिला असिस्टेंट लोको पायलट शामिल हैं। इस घटना से लोकल ट्रेन के सामने लगा कोच बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसे वर्तमान में रेल लाइन के बगल के खेल खलिहान में रख दिया गया है। इसकी जांच करने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन रेलवे सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा ने बिलासपुर डिवीजन में पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की थी। सबसे अंतिम में उन्होंने घायल महिला असिस्टेंट लोको पायलट से हास्पिटल जाकर मुलाकात करने के उपरांत अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जोन व डिवीजन के अधिकारियों को सौंप दी। इस रिपोर्ट के बाद बिलासपुर रेल मंडल के पूर्व डीआरएम राजमल खोईवाल के साथ चार से पांच अधिकारियों पर ट्रांसफर की तत्काल कार्रवाई रेलवे बोर्ड की ओर से कर दी गई। सीआरएस की जांच अब तक पूरी नहीं हो पाई है, जिसका इंतजार जोन व डिवीजन के अफसर कर रहे हैं। वहीं अब रेलवे बोर्ड के आदेश पर गुरुवार को क्रिसमस की छुट्टी होने के बावजूद चीफ सीआरएस यानि मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त जेके गर्ग बिलासपुर रेल मंडल में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले बिलासपुर से चांपा के बीच आटो सिग्नलिंग के अलावा रेल लाइन के साथ क्षतिग्रस्त कोच की बारीकी से जांच की।




गुरुवार को जीएम सहित सभी विभागाध्यक्षों की बैठक लेते चीफ सीआरएस।

### बैठक में कहा: कोताही न बरतें अनुरक्षण कार्य में

निरीक्षण करने के बाद मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त जेके गर्ग जोन मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने जीएम तरूण प्रकाश सहित सभी विभागाध्यक्ष के साथ बैठक में रेल परिचालन को और अधिक संरक्षित, अनुशासित एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया। चीफ सीआरएस ने अनुरक्षण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने, कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने निर्देश देने के साथ किसी भी संभावित जोखिम की पहचान कर उसका तत्काल निराकरण करने पर विशेष बल दिया।

# 215 किमी की द्वितीय श्रेणी की यात्रा में किराया यथावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ने एक नया आर्डर जारी करते हुए 215 किलोमीटर की द्वितीय श्रेणी की साधारा यात्रा के किराए को यथावत रखते हुए उपनरीय सेवाओं, सीजन टिकिट की यात्रा में किसी तरह की वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया है।

रेलवे ने किराया वहनीय बनाने और परिचालन की स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए 26 दिसम्बर यानि शुक्रवार से यात्री किराया ढांचे को युक्तिसंगत बना दिया है। साधारण द्वितीय श्रेणी में 215 किलोमीटर तक यात्राओं के लिए किराए में कोई वृद्धि नहीं है, जिससे कम दूरी और दैनिक यात्रियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। 215 किलोमीटर से 750 किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराया पांच रुपए बढ़ाया गया है। इससे अधिक दूरी के सफर के लिए वृद्धि चरणबद्ध तरीके से लागू की गई है, जिसके तहत 751 किलोमीटर से 1250 किलोमीटर के बीच की दूरी के लिए 10 रुपए, 1251 किलोमीटर से 1750 किलोमीटर के बीच की दूरी के लिए 15 रुपए और 1751 किलोमीटर से 2250 किलोमीटर की दूरी के लिए 20 रुपए लगेंगे। स्लीपर श्रेणी साधारण और प्रथम श्रेणी साधारण में गैर उपनगरीय यात्राओं के लिए किराए में प्रति किलोमीटर एक पैसे की दर से एकसमान संशोधन किया गया है, जिससे किराए में क्रमिक और सीमित वृद्धि सुनिश्चित हुई है। मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों में नॉन एसी और एसी दोनों श्रेणियों के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोत्तरी की गई है, इसमें स्लीपर क्लास, फर्स्ट क्लास, एसी चेयरकार, एसी थ्री टियर, एसी टू टियर और एसी फर्स्ट क्लास शामिल है। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट अधिभार या अन्य सहायक शुल्कों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह सभी मौजूदा नियमों के अनुसार ही लागू रहेंगे। जीएसटी की प्रयोज्यता अपरिवर्तित रहेगी और किराए में प्रचलित मानदंडों के अनुसार किराया का पूर्णाकन जारी रहेगा। संशोधित किराया केवल 26 दिसम्बर को या उसके बाद बुकिंग किए गए टिकिट पर लागू होगा। इस तिथि से पहले बुकिंग किए गए टिकिट पर, चाहे यात्रा प्रभावी तिथि के बाद ही क्यों न हो, कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा।



- **रेलवे ने जा नया आर्डर : उपनगरीय सेवाओं, सीजन टिकिट की यात्रा में कोई वृद्धि नहीं**




## निधन

### जोगेंद्र सिंह सलूजा



**बिलासपुर।** बिल्हा निवासी सरदार जोगेंद्र सिंह सलूजा का 25 दिसंबर को निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बिल्हा मुक्तिधाम में किया गया। वे सरदार जोगिंदर सिंह, इकबाल सिंह, जसपाल सिंह, जगजीत सिंह के पिता थे।

### सुशीला देवी मलघानी



**बिलासपुर।** रोहिणी विहार फेस 2 निवासी सुशीला देवी मलघानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. गोवर्धन दास मलघानी की पत्नी एवं राकेश कुमार मलघानी की माता थीं।

### सोमदत्त वर्मा



**बिलासपुर।** तेलीपारा निवासी सोमदत्त वर्मा का निधन हो गया। वे 52 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे शंकर लाल वर्मा के पुत्र, कामना वर्मा के पति, आयुष्मान आकर्षा के पिता थे।

### चंद्रशेखर गुप्ता



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी अधिवक्ता चंद्रशेखर गुप्ता का 25 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे मधुबन शमशान गृह दयालबंद में किया जाएगा। वे स्व. केदारनाथ साव के पुत्र, प्रभात गुप्ता के पिता थे।

### तरुण कुमार श्रीवास



**मस्तूरी।** स्व. बट्टू लाल श्रीवास के छोटे पुत्र तरुण कुमार श्रीवास भदौरा वाले का 40 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे गिरिजा शंकर श्रीवास, रवि शंकर श्रीवास के छोटे भाई एवं ज्योति श्रीवास के पति थे।

### एसएन तिवारी



**बिल्हा।** शिक्षक एसएन तिवारी का निधन हो गया। वे राजेश, सुशील, अरविन्द तिवारी के पिता एवं आशीष, अभिषेक, आशुतोष, अनुराग, शशांक व राहुल तिवारी के दादा थे।

## क्रिश्चयन समाज सेवा के लिए सैदव तत्पर: पूजा

# गिरजाघरों में मसीही समाज ने की विशेष आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

क्रिसमस पर्व के मौके पर मसीही समाज की ओर से सीएनआई चर्च में विशेष आराधना की गई, जिसमें समाज के सैकड़ों लोग आराधना में शामिल हुए। इस दौरान, गीत, संगीत, नृत्य, कविता जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। मुख्य वक्ता सुभाष सोना ने प्रभु यीशु के जन्म पर रोशनी डालते हुए कहा कि, जगत के उद्धार के लिए यीशु मसीह ने एक चरनी में जन्म लिया एवं जगत के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

उन्होंने अनेक घटनाओं के माध्यम से मनुष्य जाति को शिक्षा दी।उन्होंने आगे कहा कि, राजाओं के राजा यीशु के जन्मदिवस के अवसर पर मनाए जाने वाले क्रिसमस पर्व में शामिल होना हर एक मनुष्य के लिए सौभाग्य की बात है। आराधना में रेव्ह जेआर पाल, संजय लूथर, एम प्रसाद, अजय लूथर, प्रीतम सिंग, आशीष राजपाल, संजीत नथानिएल, संकेत सैमुएल, समित सैमुएल, एसके एंड्रूस, संकल्प सैमुएल, प्रीतम सिंग, नीलेश दिन, अमित मसीह, विवेक बेनेट, याकिन दास शैलेश घोष, राजेंद्र प्रसाद, अम्बर जान, पी बेनेट, पीसी जूलियस, प्रदीप स्कॉट, राजू जार्ज, अमित स्कॉट, हरेंद्र प्रसाद, बंटी मसीह, नीलेश दिन, सपन दास, अभिशेष घोष, विपिन विलशन, पास्टर सैमुएल दास, पादरी यज्रियल, पंकज स्कॉट, विपिन दयाल, मुकेश मसीह, विपिन दयाल, मुकेश दान सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।



### मिशन कम्पाउंड चर्च में प्रभु का संदेश

मिशन कम्पाउंड चर्च में प्रभु का संदेश पास्टर आशीष दास ने दिया। इस अवसर पर सनत मसीह, एच दास, किशोर मसीह, आवेश जान, नीरज मसीह, भूषण जान, वंदना मसीह, अर्चना मसीह, शीला बसंल, शोमना मसीह, सुशीला बक्स, राजकुमार मसीह सहित अन्य उपस्थित रहे। इसी तरह बगंलापारा चर्च में प्रभु का संदेश पास्टर हारून मसीह ने दिया। इस अवसर पर के एम राय, निर्त्थना राय, गौरव राय, गरीमा राय, सुशीला वायलेट, विक्की जुलियस, राजकुमार निशांत, हिमांशु लाल, प्रवीण मसीह,

### जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

क्रिसमस पर्व के अवसर पर नगर अध्यक्ष पूजा मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी देवांगन, पार्षद अनुपमा पांडे, जसप्रीत हुरा, पूजा गुप्ता, सुनील जांगड़े सहित पूर्व नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, दिलीप तोलानी, विनोद तोलानी, मालती यादव, श्याम रामानंदी आदि ने सीएनआई चर्च में आराधना के दौरान क्रिश्चयन समाज के लोगों से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस की बधाई दी। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि, क्रिश्चयन समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता रहता है, खासकर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा में इस समाज की अहम भूमिका है। उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि, यीशु मसीह जगत के कल्याण के लिए इस धरती पर अवतरित हुए। उन्होंने लोक कल्याण की दिशा में अपना जीवन समर्पित किया।



# मुंगेली नगर में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस पर्व

**मुंगेली।** क्षेत्र में प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन क्रिसमस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक चर्च में यीशु मसीह की विशेष आराधना की गई।

उत्साह उमंग से भरे मसीही समाज के लोग बड़ी संख्या में विशेष आराधना में शामिल हुए। क्रिसमस पर पूरे चर्च को रंग-रोगन के साथ आकर्षक लाइट एवं फूलों से सजाया गया। सुबह 9 बजे प्रभु यीशु के जन्म का संदेश दिया गया एवं पवित्र बाइबिल से मसीह यीशु के वचनों का प्रचार किया गया। साथ ही प्रेम, शांति, त्याग और मानवता का संदेश दिया गया। तत्पश्चात विश्व शांति तथा आपसी भाईचारे के लिए विशेष प्रार्थना की गई एवं युवाओं ने भक्तिमय संगीत की प्रस्तुति दी। आराधना के पश्चात महिला सभा की ओर से गिफ्ट शेयरिंग और क्रिसमस की शुभकामनाएं दी गईं। चर्च परिसर मसीहीजनों की उपस्थिति से भरा नजर आया, समुदाय के लोग एक-दूसरे से मुलाकात कर बधाई देते हुए फोटो खिंचवाई। साथ ही लोग क्रिसमस की पुरानी यादों को साझा करते हुए भावुक भी हुए।

# आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे डिप्टी सीएम



**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव शुक्रवार 26 दिसंबर को क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। श्री साव सर्वप्रथम 11.30 बजे ग्राम डोंगरिया में मनियारी नदी एनीकट के भूमिपूजन एवं दोपहर 1 बजे नगर के नहर रोड स्थित साहू धर्मशाला नवीनीकरण लोकार्पण एवं शपथ ग्रहण में शामिल होंगे। दोपहर 2.30 बजे ग्राम साल्हेघोरी में विधानसभा स्तरीय महिला संगठन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद शाम 4.30 बजे ग्राम कोतरी में रामचरित मानस सम्मेलन में शामिल होंगे।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक आज

**लोरमी।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा मुंगेली की आवश्यक बैठक 26 दिसंबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट गार्डन मुंगेली में आयोजित की गई है। प्रांतीय सचिव एवं मुंगेली जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने बताया कि, उक्त बैठक में वर्ष 2025 की वार्षिक सदस्यता, फेडेरेशन के आंदोलन को सफल बनाने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण, आकस्मिक निधि, कर्मचारियों की लंबित नियमित वेतनमान, सम्मान राशि, विभिन्न विभागों के लंबित वेतन भुगतान एवं अन्य समस्याओं के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### लखराम में विशाल हिन्दू सम्मेलन आज

**लखराम।** ग्राम लखराम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 26 दिसंबर को दोपहर 2 बजे विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग मौजूद रहेंगे।

### 12 मानस मंडलियों ने किया रामायण गायन

**तखतपुर।** मौहाभाठा परसाकापा में राम रतन साहू के निवास पर संगीतमय श्रीरामायण गायन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास की 12 मानस मंडलियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उत्तरकांड से कथा का प्रसंग लिया गया, जिसमें भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पिल्लूराम साहू ने किया। इस अवसर पर ढेलऊराम पटेल, फुल सिंह यादव, परस राम साहू, श्रेया साहू, निधि पटेल, संतराम साहू, श्रवण जायसवाल, भगवती साहू, भगतराम साहू, लतेल राम साहू, राम साहू, हेमंत साहू, सीताराम साहू, ईश्वर मानिकपुरी, शिवचरण गंधर्व, वेदराम प्रधान, कोमल साहू, तुलसी सिंगरौल सहिल अन्य उपस्थित रहे।



### चोरों ने बनाया पान दुकान को निशाना, 15 हजार का माल पार

**तखतपुर।** मुख्य मार्ग स्थित पान सेंटर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर ने गुटखा, बीड़ी, सिगरेट व नकद सदित 15 हजार रूपए का माल कर दिया। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरौंधा निवासी राजेश साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह 24 दिसम्बर रात 9 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। अगली सुबह जब दुकान पहुंचने पर उसने देखा कि, दुकान का ताला टूटा हुआ था, और दुकान में रखे 80 पैकेट सिगरेट, 30 पैकेट बीड़ी एवं 1 हजार नगदी सहित कुल 15 हजार रूपए का समान की चोरी हो चुकी थी। शिकायत पर पर पुलिस ने धारा 305, 331,4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

# जमीन विवाद में हत्या, 2 फरार आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** नेवासपुर मे जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के फरार आरोपी सहित नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना नेवासपुर गांव की है, जहां 11 दिसम्बर को धान की फसल काटने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने खूनी संघर्ष में बदल गया एवं एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक विवाद के दौरान आरोपी झम्मन सप्रे, विमल सप्रे, दूजराम सप्रे एवं द्वारिका सप्रे आदि ने प्रफुल सोनकर के परिवार के सभी लोगों के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडा टंगिया एवं लोहे के रॉड से जानलेवा हमला कर दिया।

घटना में जनक राम सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रकरण में पुलिस ने आरोपी झम्मन लाल, दुजेराम सप्रे, द्वारिका सप्रे, हिरौदी सप्रे, रूपनारायण आहिरे एवं प्रणय साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया था। वहीं, घटना के बाद आरोपी विमल सप्रे व अन्य फरार था, जिनकी लगातार तलाश पुलिस को थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 23 दिसंबर को फरार विमल सप्रे पिता झम्मन सप्रे उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम



नेवासपुर एवं एक आपचारी बालक को हिरासत लिया। पुलिस ने आरोपी विमल सप्रे की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 1 बांस का डंडा जब्त किया एवं उसे विधिवत गिरफ्तार कर धारा 61(2), 190, 191(2), 191(3), 103(1), 296, 115(2), 351(3), 3(5) के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। साथ ही विधि से संघर्षरत बालक का पारिवारिक पृष्ठभूमि भरकर आगे की कार्रवाई की गई।



**खबर संक्षेप**

## युवा कांग्रेस ने भिलाई के निजीकरण के विरोध में पुतला दहन किया

**बिलासपुर।** जिला शहर एवं जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के संसाधनों तथा स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा बसाए गए भिलाई को बचाने पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा लगातार सरकारी उपक्रमों को निजी हाथों में सौंपने की नीति के विरोध में आयोजित किया गया।



इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भिलाई के स्कूलों एवं मैत्री बाग को निजीकरण करने निविदा जारी करना प्रदेश की जनता के हितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की इस नीति के चलते आने वाले समय में कोरबा, बचेली, बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की अन्य महत्वपूर्ण संपदाओं को भी निजी हाथों में सौंपने की साजिश की जा रही है, जिसे युवा कांग्रेस किसी भी हालत में सफल नहीं होने देगी। इसमें प्रदेश महासचिव आदिल आलम खैरानी, प्रदेश सचिव गोपाल दुबे, जिला शहर अध्यक्ष शेरू असलम एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुनील पटेल, अजय यादव, सुनील साहू, देवेन्द्र किरिश्नन, मो. अयाज कामरान, मेमन विकाश सिंह, शान्तनु मेश्राम, स्वप्निल हूमने, शानूल ख़ान, भूपेन्द्र साहू, वकार ख़ान, प्रीतेश पैनोरे, संदीप यादव, अनीश यादव, साहिल मधुकर, द्वारिका लश्कर, राजू सूर्यवंशी आदि मौजूद थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर बोदरी में मना सुशासन दिवस



**बिलासपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नगर पालिका परिषद बोदरी में शासन के निर्देश पर 25 दिसंबर गुरुवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। नगर पालिका परिषद के वार्ड 3 में स्थित अटल परिसर में अटल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। अटल परिसर प्रांगण में शासन की योजनाओं के स्टाल लगाए गए व शासन के द्वारा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री का संदेश प्रसारण देखा सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बोदरी की अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा ने की । कार्यक्रम में कृष्ण कुमार कौशिक व नगर पालिका परिषद बोदरी उपाध्यक्ष शिमला वर्मा, सभापति फिरतुराम बनवारे, विजय वर्मा, श्याम आर्य, प्रीति लक्ष्मी नारायन मरावी, पार्षद अतुल ध्रुव, जोहित धुरी, लता विष्णु साहू, हीरालाल लोधी, मुकेश वाधवानी, घनश्याम कौशिक, सुनील वर्मा,विकास श्रीवास,देवेंद्र कौशिक, संतोष साहू,भगवान दास शर्मा, दिलीप वलेचा, मनोज सिंह, कांता जगवानी, सतरूपा धुरी मंच पर रहे। सुरेश देवगन, भूपेश तिवारी, राधेश्याम यादव, सईद कुरैशी, योगेश चौहान, जीतू निषाद आदि मौजूद थे।

## सर्वधर्म सेवा समिति ख्वाजा गरीब नवाज की शाही चादर निकालेगी 7 को

**बिलासपुर।** सर्वधर्म सेवा समिति द्वारा 7 जनवरी को शाम 4 बजे ख्वाजा गरीब नवाज की शाही चादर 11 फीट चौड़ा, 151 फीट लंबा गांधी चौक से हटरी चौक, गोल बाजार, सिम्स चौक होते हुए पुलिस लाइन पहुंचेगी। इसमें अजमेर शरीफ, दिल्ली, हरिद्वार उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान, मप्र, नागपुर, छग, महाराष्ट्र सहित कुल 201 चादर पेश की जाएगी।

**युवा महोत्सव**

### राज्यपाल ने किया तीन दिवसीय राज्य युवा महोत्सव का समापन

# छत्तीसगढ़ के विकास के इंजन हैं ऊर्जावान युवा : राज्यपाल

**बिलासपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज शाम बहतराई स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रमों के बीच समापन किया। उन्होंने विजेता टीमों एवं प्रतिभागियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने की।

समारोह में राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान केवल उसके जंगलों, खनिजों या नदियों से नहीं है। छत्तीसगढ़ की असली पहचान उसका ऊर्जावान युवा है। मेहनती, रचनात्मकता और जमीन से जुड़े युवाओं पर हमें गर्व है। इस महोत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता, कहानी लेखन, वाद विवाद विधाओं



के माध्यम से आपने यह दिखाया कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी है और साथ ही नए समय को भी समझती है। यही संतुलन हमें आगे तक ले जाएगा। श्री डेका ने कहा कि हमें विशेष गर्व है कि इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और जनजातीय परंपराओं को प्रमुख स्थान मिला। जब युवा अपनी संस्कृति को समझता है, तो उसमें आत्मसम्मान पैदा होता है।

### छत्तीसगढ़ का युवा बन रहा विश्व विजेता : तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का युवा केवल प्रतिभागी नहीं, बल्कि विश्व विजेता बन रहा है। बिलासपुर खेल प्रशिक्षण केंद्र की कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी ने नवंबर 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि छत्तीसगढ़ की माटी में अपार दम है। आज हमारा युवा केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बन रहा है। हम सब संकल्प लें कि वर्ष 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य और भारत को विकसित राष्ट्र बनाएँगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद लखन लाल साहू, अरुण सिंह चौहान, संभागायुक्त सुनील जैन, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी श्री रजनेश सिंह आदि मौजूद रहें।

### इन्हें मिला प्रथम पुरस्कार

तीन दिवसीय राज्य युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागियों को राज्यपाल श्री रमेन डेका ने पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया। महोत्सव में संपन्न 14 विधाओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। लोकनृत्य का प्रथम पुरस्कार जिला रायपुर, लोकगीत का प्रथम पुरस्कार सरगुजा, पंथी नृत्य में मुंगेली, राउत नाचा में कोंडागांव, सुआ नृत्य बलौदा बाजार, करमा नृत्य में सरगुजा, रॉक बैंड में बस्तर, एकांकी नाटक में धमतरी, नवाचार में कोरबा जिला, वाद विवाद में राजनांदगांव, चित्रकला में धमतरी, कविता लेखन में बिलासपुर, पारम्परिक वेशभूषा में सरगुजा और कहानी लेखन में कोरबा जिला ने प्रथम स्थान हासिल कर पुरस्कार जीते। समारोह में कुल 33 लाख के पुरस्कार बांटे गए।

### अटल यूनिवर्सिटी में कुलोत्सव का समापन

# छग राज्य से लेकर रेलवे जोन एनटीपीसी अटल की देन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में गुरुवार को अटल जी की जयंती पर तीन दिवसीय कुलोत्सव का समापन विकास और सुशासन के संकल्प के साथ हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि विकसित भारत 2047 का संकल्प लेकर उसे साकार करना ही अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि सर्व शिक्षा अभियान, छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण से लेकर बिलासपुर को मिली एनटीपीसी व रेलवे जोन की सौगात अटल जी की देन है।

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने युवाओं से कहा कि अटल जी एक महान कवि थे, राष्ट्रवादी सोच वाले युवाओं को उनकी कविताएं अवश्य पढ़नी चाहिए। इस



अवसर विशिष्ट अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने पोखरण के माध्यम से भारत के विश्व स्तर पर बढ़ते स्वाभिमान की चर्चा करते हुए कहा कि अटलजी ने एक ऐसे राज्य की नींव रखी जो आज देश के पांच प्रगतिशील राज्यों में गिना जाता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने यूनिवर्सिटी में कुलोत्सव और व्याख्यान की स्थापित परंपरा को अनवरत जारी रखने की कामना करते हुए कहा कि अटलजी के व्यक्तित्व के कोमल और कठोर पहलुओं का वर्णन करते हुए पोखरण व कारगिल युद्ध को उनकी दृढ़ निर्णय शक्ति का उदाहरण बताया और विश्वास जताया कि यूनिवर्सिटी की अटल बिहारी वाजपेयी शोधपीठ उनकी समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएगी।

### प्रेरणास्रोत रहेंगे स्व. बाजपेयीः तोखन



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तोखन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य समेत बिलासपुर में रेलवे जोन, एनटीपीसी,हाईकोर्ट की सौगात स्व. अटल जी की देन है। उन्होंने कहा कि उनके विचार हमारे बीच है और वें सदैव हमारे लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि देश का गौरव बढ़ाने का काम स्व.अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को सबका आदर्श बताया। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के 54 हितग्राहियों को अनुज्ञा पत्रों का वितरण,80 राशन कार्ड, पीएम स्वनिधि के 25 हितग्राहियों को ऋण का आबंटन किया गया।

### गांव-गांव तक पहुंचे खेल संस्कृति



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद खेल महोत्सव के समापन पर देशवासियों को संबोधित किया। बहतराई स्टेडियम में आयोजित केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में प्रधानमंत्री को वर्चुअली सुना गया। प्रधानमंत्री ने खेलों को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया और युवाओं से खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, कलेक्टर संजय अग्रवाल,निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे मौजूद रहे। बहतराई स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री साहू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर कहा कि उनका जीवन देश सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित रहा है, जो आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

**बिजनेस प्लस**

## क्रेडाई नेशनल कॉन्क्लेव में विकसित भारत 2047 की दिशा में रियल एस्टेट सेक्टर की भूमिका पर मंथन

बिलासपुर। नई दिल्ली स्थित ताज पैलेस होटल में 19–20 दिसंबर 2025 को क्रेडाइ नेशनल कॉन्क्लेव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देशभर से रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े प्रमुख डेवलपर्स, नीति-निर्माता एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस राष्ट्रीय मंच पर क्रेडाई बिलासपुर चैप्टर का सशक्त प्रतिनिधित्व करते हुए क्रेडाई बिलालसपुर अध्यक्ष सुशील पटेरिया, सचिव अमित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, संचित नथानी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र




यादव मुख्य अतिथि थे। साथ ही क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल एवं जी. राम रेड्डी से सौजन्य मुलाकात कर विकसित भारत 2047" के लक्ष्य की दिशा में रियल एस्टेट सेक्टर की भूमिका, प्रशासनिक सुधारों, पारदर्शिता, सतत विकास एवं निवेश-अनुकूल नीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कॉन्क्लेव में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य में रियल एस्टेट सेक्टर में हुए प्रशासनिक सुधारों की सराहना की गई। जिन्हें देश के लिए रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया।

बिलासपुर चैप्टर ने इस मंच पर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय बढ़ाने, नीति संवाद को मजबूत करने तथा विकसित भारत 2047 के विजन में रियल एस्टेट सेक्टर की सकारात्मक और निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने के संकल्प को दोहराया।

## बाजपेयी ने दी छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा

बिलासपुर। छग राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने आज अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी काउंसिल के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति तथा स्थानीय जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को अलग राज्य का स्वरूप प्राप्त हुआ, जिससे प्रदेश के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिली। कार्यक्रम में अभिनेत्री सुश्री जयाप्रदा, अभिनेता मुकेश खन्ना, सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे, शंकर दास




महंत, नंदकिशोर, केंद्रीय महासचिव कोल इंडिया अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी काउंसलिंग एवं आज की कार्यक्रम की अध्यक्ष नागरिक उपस्थित रहे। आज के सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विभूतियों का भी सम्मान किया गया है जिन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिए हैं। सम्मेलन में वक्ताओं ने एक स्वर में छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, छत्तीसगढ़ी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग तथा स्थानीय नागरिकों को कोल माइंस एवं अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार में प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## डीएलएस की रोशनी को जयाप्रदा ने किया सम्मानित

**बिलासपुर।** सुप्रसिद्ध फ़िल्मि अभिनेत्री जयाप्रदा द्वारा राज्य रजत जयंती समारोह, बसंत विहार, रवींद्र भवन में आयोजित समारोह में डी एल एस महाविद्यालय की छात्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका रोशनी वैष्णव को जूडो (खेल) के क्षेत्र में उपलब्धियों, रासेयो राष्ट्रीय एकता शिविर जबलपुर में सहभागिता, तथा सामाजिक सेवा में सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। रोशनी जूडो की भी राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय की चेयरपर्सन निशा बसंत शर्मा, प्राचार्य डॉ. प्रताप पाण्डेय, शेख आफरीदी व हिमानी तिवारी, अभिनेता मुकेश खन्ना, नंदकिशोर शुक्ला, अतुल दुबे, शंकर दास महन्त, चेतन दास महन्त की विशेष उपस्थिति रही।



## सिल्वर हाइट्स स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

**बिलासपुर।** सिल्वर हाइट्स स्कूल सरकंडा श्लोक विहार का वार्षिक समारोह उत्साह-सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के राकेश तिवारी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर निदेशक, न्यू इंडिया हायर सेकेंडरी स्कूल, डॉ. गोदावरी तिवारी, ऋषि केशरी, प्रिंसिपल मिसेज निधि शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें नृत्य, गीत, और नाटक शामिल थे। मुख्य अतिथि ने छात्रों को शिक्षा और जीवन में सफलता के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्य स्कूल डायरेक्टर रिनी मजूमदार सेक्रेटरी प्रतिमा जैन और संयुक्त सचिव आकाश गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेधावी छात्रों को पुरस्कार और सम्मान पत्र प्रदान किए गए। बच्चों ने अपने बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया।



**एजुकेशन प्लस**

## ईशान भंडारी का जन्मदिन मनाया गया

**बिलासपुर।** युवा ईशान भंडारी का जन्मदिन उनके शुभचिंतकों एवं मित्रों ने धूमधाम और पूरे उत्साह के साथ मनाया। उनके शुभचिंतकों ने उनके घर पहुंच देर रात उन्हें शुभकामनाएं दी। मां महामाया का दर्शन करने के बाद विभिन्न जगहों पर केक कटवाया। धूमधाम से भव्य आतिशबाजी और शानदार लाइटिंग के बीच सैकड़ों युवाओं ने उपस्थित रहकर उनका जन्मदिन मनाया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी। ईशान भंडारी देशभर में प्रसिद्ध टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट विनीत कप के संस्थापक और प्रमुख आयोजक भी हैं। इस टूर्नामेंट का इंतजार प्रदेशवासियों को बेसब्री से रहता है। इस बार यह टूर्नामेंट 28 दिसंबर से खेल परिसर बिलासपुर में आयोजित है। जिसमें 11 लाख रुपए का पहला इनाम रखा गया है।



**पॉलिटिक्स प्लस**



## खबर संक्षेप

### नगर पालिका विद्यालय में वाद-विवाद भाषण प्रतियोगिता



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका में 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच वाद-विवाद व भाषण सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजय सोनी, महामाई वार्ड के पूर्व पार्षद प्रवीण सोनी, बीमा सलाहकार संदीप ताम्रकार एवं कार्यक्रम अधिकारी किशन देवांगन सहित शाला के सभी छात्र उपस्थित रहे।

### वाजपेयी के व्यक्तित्व का किया गया वर्णन



**कोदवाबानी-मुंगेली।** ग्राम पंचायत कोदवाबानी बाजारपारा अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। अरविन्द सिंह राजपूत ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस दौरान सरपंच दीपिका विकास रात्रे, उप सरपंच प्रतिनिधि राजेश साहू, सचिव विष्णु सिंह राजपूत, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि हिरेन्द्र जायसवाल, गुलाब सिंह राजपूत, ताराचंद जांगड़े, कृष्णा निर्मलकर सहित लोग उपस्थित रहे।

### बरेला में अटल प्रतिमा का किया गया लोकार्पण



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में सुबह 10 बजे भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्व वाजपेई की प्रतिमा का वर्चुअली लोकार्पण किया।कार्यक्रम को सफल बनाने विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, नपं अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल एवं पार्षद संजय ध्रुवंशी, बंटी सेमरिया, संजय निर्मलकर, नितेश पटेल, सुनीता विजय दीवान, देवहूति बबलू पटेल, जया रमेश पटेल, हीरालाल पटेल, मुन्नी पवन पटेल, प्रदीप ध्रुवंशी, जगदीश साहू, भगेला ध्रुवंशी, राजकुमार साहू, पिंकी गजानंद निर्मलकर, नपं आधिकारी नरेश महिष सहित कृष्णनारायण ताम्रकार, विकास कौशिक, दीप साहू, बलदेव सिंह, श्याम सुंदर ध्रुवंशी, मंगलू धुरी, सुरेंद्र सिंह चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

### वाजपेयी की जयंती पर किया गया पौधरोपण

**पथरिया।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 101वीं जयंती पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम 'मेरा युवा भारत' मुंगेली की ओर से पथरिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत जोता में एक 'पेड़ मां के नाम' अभियान के



तहत पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी मुंगेली जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर राजपूत मौजूद रहे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने कहा कि, स्व वाजपेयी सदैव देश हित में सोचने वाले नेता थे। उन्होंने विपक्ष में रहते हुए भी कभी देश को बुरा भला नहीं कहा एवं सदैव देशवासियों के लिए कार्य किए। इस मौके पर ग्राम के यज्ञशाला परिसर व अन्य जगहों पर औषधीय रूद्राक्ष सहित अन्य पौधे लगाए गए। अंत मे अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पथरिया के युवा अजय यादव, लौदा भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, ग्राम के सरपंच जवाहर ध्रुव परमेश्वर वर्मा, गुलाब, छबील यादव, बेदराम यादव, गौरीशंकर पठारे सहित अनेय युवा उपस्थित रहे।

### सुशासन सप्ताह शिविर में शामिल हुए धरमलाल



**बोदरी।** बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पौसरी में आयोजित सुशासन सप्ताह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, उत्तरदाई एवं जनहितकारी प्रशासन को सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा की। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी स्थानीय समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना, तथा शासन स्तर पर उनके समाधान हेतु हर संभव पहल का आश्वासन दिया।

## स्व वाजपेयी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

# सभी दलों के नेताओं ने किया अटलजी का सम्मानः मोहले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित भाजपा सदस्यों ने अटल जी को याद किया। इस मौके पर उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पर स्व वाजपेयी के व्यक्तित्व का स्मरण किया गया।

विधायक मोहले ने कहा कि, अटल जी भारत के राजनीति में ऐसे व्यक्ति रहे, जिनका सभी दलों के नेताओं ने सम्मान किया। मोहले ने बताया कि, उनको श्री वाजपेयी जी के साथ काम करने का सौभाग्य मिला। वे आज भारतीय राजनीति के प्रतिमान हैं, उनके कर्तव्य निष्ठा, नैतिकता और मौलिकता का उदाहरण राजनीति में हर कोई देता है। श्री मोहले ने बताया कि बिलासपुर को रेलवे जोन बनाने की मांग उन्होंने की थी, जिस पर वाजपेयी ने आश्वासन दिया था। जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि, छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाकर बाजपेयी जी ने विकास की अपार संभावनाओं का निर्माण किया।



**अटल परिसर में साफ-सफाई व दीप प्रज्वलन** भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्व वाजपेयी की जयंती पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम स्थित अटल परिसर में साफ सफाई कर दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, द्वारिका जायसवाल, नितेश भारद्वाज, नागेश्वर जायसवाल, राजा तंबोली, जीवन पटेल, कोटू दादवानी, वासुदेव देवांगन, अमितेश आर्य, उमाशंकर, सुनील पाठक, शैलेंद्र यादव, रमेश बुलकर, जितेन्द्र साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, सुनील पाठक, डॉ आशुतोष पांडे, सत्तू देवांगन, सौरभ बाजपेयी, मन्नू श्रीवास्तव, विजय बंजारा, रोशन सोनी, सुखचंद साहू, व्यास जायसवाल, सत्तू सिंह, रिजवान हक, विजय यादव, लेखू साहू, लवन डाहिरे एवं मानस सिंह बैस, होरी सोनकर आदि उपस्थित रहे।



# सीएम ने किया वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण

**मल्हार।** नगर के स्कूल चौक में बने पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण व परिसर का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी, बिलासपुर जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्री कैवर्त, मल्हार मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर, मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त, मस्तूरी मंडल अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी, पार्षद आशुतोष वर्मा, सपना मिथुन यादव, गायत्री देवार, विष्णु कैवर्त, जगदीश राय, सुजीत राजभानु, सरोजिनी चंदु कैवर्त, प्रमोद थवाईत, जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे, सरपंच नेवारी पिंटू ठाकुर, चकरबेड़ा सरपंच नवीन भाई, जैतपुर बैटरी सरपंच गोविंद कश्यप, अकोला सरपंच मेलाराम, चौहा सरपंच एसके मरकाम, जुनवानी सरपंच, सरसेनी सरपंच, उप सरपंच राधेश्याम कैवर्त, मंडल उपाध्यक्ष लोकनाथ बंजारे, धर्मेंद्र सिंह, संतोष मिश्रा, अशोक शर्मा, जदुनंदन प्रसाद वर्मा, शेषनारायण गुप्ता, राम नारायण कश्यप, अवध प्रजापति, बहोरन केवट, अजय केवट, उमेश केवट, शंभू राजभानु, अकत राम सिंन्हा व अन्य शामिल हुए।

## राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान के लिए याद किए गए वाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नगर पालिका की ओर से श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्व वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया गया।

नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि, छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी का योगदान अविस्मरणीय है। उनका योगदान केवल छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे भारतवर्ष में विकास, सुशासन और राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने में उनका ऐतिहासिक योगदान रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी, मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी, पूर्व नपं अध्यक्ष रामजी श्रीवास, पूर्व अध्यक्ष अरुणा जायसवाल, जिपं उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर, अखिल भारतीय अग्रवाल युवा सम्मेलन के अध्यक्ष शारदा चरण पसारी, पार्षद मनीष श्रीवास, पार्षद देवी सिंह, पार्षद कुलदीप शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष नीरज जैन सहित नपा परिषद के समस्त सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को आत्मसात करने तथा उनके बताए राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



## सीएम ने किया गौरेला में अटल परिसर का वर्चुअली लोकार्पण

**गौरेला।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती प्रदेश में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में नवनिर्मित 115 अटल परिसरों का वर्चुअली लोकार्पण किया। इसी क्रम में नगर पालिका गौरेला और नगर पंचायत मरवाही में नवनिर्मित अटल परिसर का भी लोकार्पण किया गया।



मरवाही में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव,नपं अध्यक्ष मधुबाबा गुप्ता, पार्षद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। विधायक मरपच्ची ने स्व वाजपेयी के सुशासन के आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए।

इसी तरह गौरेला में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष परिषद मुकेश दुबे एवं नगर उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिपं उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, सीईओ जिपं मुकेश रावटे साहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उनकी प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही शिलापट्ट का भी लोकार्पण किया गया। इस दौरान प्रधामनंत्री आवास योजना 2.0 के तहत जिले के 9 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। गौरेला में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका मुकेश दुबे ने कहा कि, छत्तीसगढ़ राज्य अटल जी की देन है।

# सुशासन दिवस के रूप में मना वाजपेयी का जन्मदिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी मंडल विजयपुर में मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप ने कहा कि, अटलजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहा। लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण, सुशासन की स्थापना और जनकल्याण के व्यापक दृष्टिकोण के कारण वे देशवासियों के हृदय में सदैव अमर रहेंगे। मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि, अटलजी के नेतृत्व में देश ने विकास, पारदर्शिता और सुशासन की नई दिशा प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महामंत्री प्यारेलाल जायसवाल ने किया एवं आभार हरीश कुलमित्र ने किया। इस अवसर पर उत्तरा कश्यप, महामंत्री कामता कुलमित्र, देवेन्द्र कश्यप, शिव यादव, उत्तम श्रीवास, पवन यादव, अशोक कौशिक, रामाधार साहू, रामायण राजपूत, प्रेम जगत, सुनील साहू, योगेश साहू, सुनील यादव, युगल साहू, बहोरिक साहू, कुमार बंजारे, कन्हैया यादव, जयप्रकाश वैष्णव, विवेक कुमार गुप्ता, अमित साहू, धर्मेश सिंह गौतम, रामकुमार यादव सरपंच, भूषण ध्रुव, नितिन तिवारी, भुवनेश्वर साहू, सोमनाथ जायसवाल, होरीलाल कुलमित्र, मनोज कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

### तखतपुर मंडल में मनी अटलजी की जयंती

तखतपुर मंडल में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर तखतपुर अटल परिसर में पूजा-अर्चना कर स्व वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप कौशिक, अश्वनी शर्मा उपाध्यक्ष, जीवन पांडेय, मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, महामंत्री प्रमोद ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष मालती यादव, गिरीश कश्यप आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप कौशिक, उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जीवन पांडेय, मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, महामंत्री प्रमोद ठाकुर, प्रीतम कश्यप, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी, जीवन पांडेय, दिनेश साहू, विजयपुर मंडल अध्यक्ष, लव पांडेय, दिलीप तोलानी, चंद्रकांत द्विवेदी, माधो देवांगन, महिला मोर्चा अध्यक्ष मालती यादव, रामानंदी, लता कश्यप, पार्षद कोमल ठाकुर, कैलाश देवांगन, सुरेश देवांगन, अंकित अग्रवाल, इस्लाम अंसारी, गिरीश कश्यप, तिलक देवांगन, राकेश तिवारी, किशन सचदेव, नरेंद्र रात्रे, आखिल रिजवी, राघवेंद्र पांडे, जय दुबे, पुष्पराज सिंह, हेमचंद कौशिक आदि उपस्थित रहे।

### सरगांव में मनाई गई अटलजी की जयंती



**सरगांव।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती देशभर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर नगर पंचायत सरगांव में श्रद्धा और गरिमा के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के साथ-साथ नगर के प्रतिष्ठित बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत परिसर में स्थित स्व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित उन्हें याद किया गया। नगर अध्यक्ष परमानंद साहू ने उनकी कविताओं का वर्णन करते हुए इतिहास के पन्नों में दर्ज उनके अद्वितीय योगदान के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर व वर्तमान मंडल अध्यक्ष पोषण यादव के साथ वक्ताओं ने स्व वाजपेयी के ओजस्वी व्यक्तित्व, सुशासन की अवधारणा, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली राजनीति पर प्रकाश डाला। सभी ने वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, प्रदेश कार्यकारिणी रणजीत सिंह हैप्पी, राम जुड़ावन साहू, नरेंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य रिजवान हक, पंकज वर्मा, मनीष साहू, रघु ठाकुर, उदित साहू आदि मौजूद रहे।

# 101वीं जयंती पर याद किए गए वाजपेयी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सकरी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देश निर्माण में स्व वाजपेयी के अतुलनीय योगदान एवं जनहितैषी कार्यों के लिए उनको नमन किया गया एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्व वाजपेयी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तखतपुर जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि, भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे, जिन्होंने विचारधारा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। वे एक संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता और सशक्त प्रशासक थे। मंडल अध्यक्ष रवि मेहर ने कहा कि, उनका जीवन सादगी, राष्ट्रभक्ति और सेवा का प्रतीक है, हम सबको उनसे प्रेरणा मिलती है। जिला पंचायत सभापति अंबिका विनोद साहू ने कहा कि, उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्य की रक्षा करते हुए विपक्ष को भी सम्मान दिया, जो आज की राजनीति के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता देवीलाल साहू एवं छतौना सरपंच राधिका कौशिक ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री तुलसी कौशिक एवं आभार प्रदर्शन अमर गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक हिंसाराम केवट, विष्णु कौशिक एवं देवीलाल साहू का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विनय श्रीवास, शुभचंद डहरिया, निखिल श्रीवास, प्रशांत गुप्ता, जितेन्द्र सूर्यवंशी, तिलक सूर्यवंशी, राहुल श्रीवास, शैलेन्द्र सिंह, केदार सिंह ठाकुर, सतीश साहू, दिलीप श्रीवास, विकास कुर्रे, राजेश यादव, अशोक श्रीवास, राधेश्याम यादव, रामकुमार मेहर, रामाधार कौशिक, दिनेश कौशिक, राजकुमार जांगड़े, चित्रकांत तंबोली, श्याम वैष्णव, रंजीत कुमार, जागेश्वर साहू, राजकुमार कौशिक, जंतु मरकाम, मनीष तिवारी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुशासन सप्ताह शिविर में शामिल हुए विधायक, कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- विभिन्न योजनाओं के हितग्रहियों को किया गया लाभान्वित

जिले में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 25 दिसंबर तक शिविरों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम खेढ़ा में सुशासन सप्ताह शिविर संपन्न हुआ। खेढ़ा में आयोजित शिविर में शामिल होकर विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने स्टॉलों का अवलोकन किया एवं आमजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

विधायक श्री मोहले ने कहा कि, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शिविर के माध्यम से प्रशासन आमजनों के नजदीक पहुंच रहा है। उन्होंने आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा है कि, सुशासन सप्ताह के माध्यम से आम लोगों की समस्याएं कम हों और उन्हें बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए ग्रामीणों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने तथा नशे से दूर रहने जागरूक किया। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि, सुशासन सप्ताह का उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच की दूरी को कम करना है। जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने कहा कि, शासन गांव के लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर गांव में शिविर लगा रही है। शिविर में जनपद पंचायत मुंगेली अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पलता पद्मनी मोहले, जनपद पंचायत सीईओ लक्ष्मीकांत कौशिक, कमलेश मिश्रा, जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।




**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम मुढीपार प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. बिल्हा के अंतर्गत तहसील बोदरी एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि, जो कि खम्हन प्रसाद रात्रे पिता कताहुर निवासी मुढीपार तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ वाले के नाम पर स्थित है, जो कि ग्राम मुढीपार पर है । जिसका भूमि खसरा नं. 213/3 रकबा 0.53 एकड़ भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है, विक्रेता द्वारा उक्त भूमि का निकट भविष्य में विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना है, यदि उक्त भूमि के सौदे के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को कोई दावा/आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज उपस्थिति होकर दावा/आपत्ति कर सकते हैं, साथ आवसान पश्चात दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

दिनांक: 25/12/2025

अधिवक्ता
प्रकाश श्रीवासन
Mob. 7241111402

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सीपत, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमशीला पति मंतराम निवासी ग्राम सीपत प.ह.नं. 04, रा.नि.मं. सीपत तहसील-सीपत जिला-बिलासपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पति की मृत्यु दिनांक 20/11/2024 को हुआ है जो पंजीयन नहीं होने के कारण प्रमाण पत्र प्रदाय नहीं किया गया है। आवेदक अपने पति नाम मंतराम पिता गौतरिहा का मृत्यु का प्रमाण पत्र की मांग किया है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06.01.2026 को अपना दावा/आपत्ति तहसील सीपत में प्रस्तुत कर सकते हैं म्याद वाद प्राप्त आपत्ति /दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 17/12/25 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
सीपत

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विजयलक्ष्मी कमलापुरी पति शिव प्रसाद राव कमलापुरी निवासी चैतन्य नगर, बी.एन.रेड्डी नगर, सरूरनगर करमघाट एच.वी.रंगारेड्डी टी.एस. M.N. 9573032374 के नाम से मौजा-जूना बिलासपुर, पहनं. 36 रानिम. जूना बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) में ख.नं.130/85 रकबा 0.160 हे. भूमि स्थित है जिसे मेरे पक्षकार बलवंत सिंह पिता श्री बुद्धेश्वर सिंह निवासी-टिकरापारा बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान करते हुए अनुबंध पत्र निष्पादित करवाये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी, तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

अस्तु सूचना जानें।

दिनांक: 25/12/25

नरेश कुमार लहरे
(अधिवक्ता)
बी.एन.सिटी, म.न.105-मंगला
लोखंडी रेलवे क्रॉसिंग के पास
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.7869130924

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# गिरजाघरों में उमंग से मनाया गया क्रिसमस पर्व















डिसाइपल्स चर्च ऑफ ख्राइस्ट सहित शहर के सभी गिरजाघरों में क्रिसमस का पर्व उत्साह, उमंग के साथ मनाया गया। सभी चर्चों में प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की विशेष आराधना हुई। मसीहियों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की मुबारकबाद देकर खुशी का इजहार किया। क्वायर ग्रुप ने मसीही गीतों की प्रस्तुति दी।

## झूमो नाचो खुशी से आज यीशु ने जन्म लिया, हुई विशेष आराधना

*बिलासपुर। चर्च ऑफ ख्राइस्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन समिति में पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में क्रिसमस की विशेष आराधना हुई। इसका संचालन प्रवीण जैसल ने किया।*

*बाइबल का पठन मुकेश पॉल ने किया। प्रार्थना की अगुवाई मार्ग्रेट पॉल, पास्टर शामुएल वालेश और आश्रिता डेविड ने की। पास्टर सुदेश पॉल ने क्रिसमस पर संदेश दिया और बताया कि परमेश्वर ने अपने इकलौते पुत्र यीशु को इस जगत में उद्धार की योजना को पूर्ण करने के लिए भेजा। संसार की सफलता, आर्थिक संपन्नता, भोग विलास के संसाधनों को जुटा लेने से हमारा उद्धार कदाचित नहीं हो सकता है, जब तक हम यीशु को अपने हृदय में जगह न दें, उसे स्वीकार न करें पापों से पश्चाताप न करें, सत्य के मार्ग को ग्रहण न करें। कदाचित हमारा उद्धार या पापों से मुक्ति संभव नहीं है। मनुष्य को उद्धार पाने के लिए अपने पापों की स्वीकारोक्ति अति आवश्यक है।*





### हरिभूमि परिवार ने बांटे गिफ्ट

क्रिसमस त्योहार को यादगार बनाने के लिए 'हरिभूमि' परिवार हर साल ईसाई समुदाय के लोगों को बड़े दिन की बधाई देता आ रहा है। इस वर्ष भी टीम के सदस्यों ने शहर के विभिन्न गिरजाघरों में पहुंचकर लोगों को गिफ्ट, ग्रीटिंग कार्ड और चॉकलेट देकर बधाई दी। इसमें डिसाइपल्स ऑफ क्राइस्ट चर्च, सेंट ऑगस्टिन चर्च, भारत माता चर्च, चर्च ऑफ क्राइस्ट, सेंट पॉलोटी चर्च, सेंट विसेंट पलौटी चर्च मंगला सहित शहर के अन्य गिरजाघर शामिल थे। इस अवसर पर हरिभूमि के अशलम शेख, राजेश सानन, लक्ष्मी गुप्ता, भुवन देवांगन, अनिल शर्मा, नवीन सोनी, अमरकांत गुप्ता, पूरन चंद महाकुड, सुशांत सामंत्रा, रितेश शर्मा, प्रशांत सिंह, सन्नी साहू, लक्ष्मीकांत गुप्ता, बाल किशन सोनी, विक्रम निर्मलकर, मनोहर देवांगन, हितेश गुप्ता, रेखा साहू, राकेश मानिकपुरी, यतीन्द्र श्रीवास आदि मौजूद थे।

### बुजुर्ग सदस्यों का सम्मान

चर्च के सभी बुजुर्ग एवं सम्मानित सदस्यों का पुष्पहार से सम्मान किया गया। पादरी श्री पॉल देश में सुख, शांति, समृद्धि, अमन चैन के लिए ने विशेष प्रार्थना की। उपस्थित सभी सदस्यों को आराधना पश्चात केक वितरित किया गया।

### प्रस्तुति से माहौल रहा क्रिसमसमय

जवानों ने क्वायर ग्रुप के माध्यम से मसीही गीतों की प्रस्तुति दी। गीत-झूमो नाचो खुशी से आज यीशु पैदा हुआ.., ले लिन्हा ख्रीष्ट अवतार मनाओ खुशी.., अब आओ विश्वासियों जय-जय करते आओ, अब आओ हम चले बैतलहम को..की प्रस्तुति से माहौल क्रिसमसमय बना रहा। इस गीत को प्रस्तुत करने में शोभा वालेश, रेणुका अब्राहम, प्रिया जैसल, प्रगति सिंह, जेनिफर पॉल, स्वाति डेनियल, रिया बंजारे, निवेदिता पॉल, बोल्डी कुमार, विवेक मसीह, राहुल जॉन, शशांक दास, आयुष बाघ, स्वप्निल दास सहित यूथ के सदस्यों का सहयोग रहा।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद कुमार, राकेश पॉल, सनी जॉन, विवेक पॉल, आकर्षण सिंह, अमित सिंह, नितेश बाघ, रक्षित रूपम, रूत बारा, सरिता पॉल, अरुणा कुमार, शीबा लुइस, अरूणा दास, एंजेलिना पॉल, मधुबाला, श्वेता, रीना दास, सुनीता डेनियल, प्रीति वालेस, मंजू निशा का योगदान रहा।









---

# राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बहनों ने बांटे तुलसी के पौधे

ब्राह्मण समाज की बहनों ने तुलसी पूजन दिवस की पूर्व संध्या पर रतनपुर महामाया मंदिर के दर्शन के पश्चात तुलसी के पौधे का वितरण किया। जिसमें महासंघ की 50 से अधिक बहनें शामिल हुईं।

### 50 से अधिक बहनों की रही सहभागिता



**बिलासपुर।** महासंघ की अध्यक्ष अर्चना तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू परंपरा के अनुसार यह संदेश देना था कि 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस के रूप में मनाया जाए और अपने हिंदू परंपराओं का सम्मान करें। राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडेय एवं संभाग प्रभारी मीनू दुबे ने सभी बहनों को तुलसी पूजन दिवस की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष श्रीमती तिवारी, सचिव शशि प्रभा पांडेय सहित अन्य सभी बहनों ने प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता शर्मा, सीता तिवारी, दुर्ग भिलाई के राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की अध्यक्ष गीता पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष नीलिमा पांडेय का स्वागत किया एवं सभी को तुलसी के पौधे और उपहार प्रदान किया।



### तुलसी पूजन की गई

तुलसी पूजन दिवस सनातन धर्म में एक महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व है जिसे हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है, तुलसी पूजन का ना सिर्फ धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक जीवन में भी गहरा प्रभाव देखने को मिलता है। इस शुभ अवसर पर नन्हा बालक अनुराज शुक्ला द्वारा मां तुलसी की श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना की गई।

---

सोसाइटी प्रीमियर फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा दिन

# समाजों के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**बिलासपुर।** फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुस्लिम समाज, गुप्ता समाज, सिंधी समाज, आदिवासी समाज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है। फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में अतिथियों ने गफ्फार भाई को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके समाज सेवा को याद किया।

आज खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में सभी समाज के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में अतिथि के रूप में अभय नारायण राय ,आलोक सिंह ठाकुर, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सीमा धितेश, पार्षद जुगल किशोर गोयल ,लक्ष्मी यादव, सूरज राज, अब्दुल इब्राहिम,स्वप्निल शुक्ला , मनीष अग्रवाल,राजा अवस्थी,ललित पुजारा रशीद बक्श,युवा कांग्रेस अध्यक्ष शेरू असलम, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष पत्रकार दिलीप यादव और इरशाद अली, आदिल खैरानी, विशंभर गुलहरे,संजू ठाकुर किशन सिंह, विशाल सिंह ,पवन वाधवानी राहुल, लवी ठाकुर, संजय ठाकुर ,अनीश, ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया सेकंड राउंड के मैच शुरू हो गए हैं। सेकंड राउंड के लिए आज दो मैच खेलेंगे। जीतने वाली टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेगी।



फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सभी समाज को खेल के मैदान में इतना बड़ा प्लेटफार्म दिया गया है और गफ्फारभाई समिति में यह आयोजन 6 साल से किया जा रहा है जिसमें सभी समाज के लोगों को इस क्रिकेट प्रतियोगिता का इंतजार भी रहता है। 28 दिसंबर को दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे तथा 29 दिसंबर को समिति प्रीमियर लीग का फाइनल मैच के साथ पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह होगा।

### दूसरे दिन केवट समाज को 33 रनों से हराया

सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन 5 मैच खेले गए। गुरूवार को सिख समाज कीटीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केवट समाज की टीम को 33 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। सिख समाज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए खिलाड़ी 7 ओवर में 100 रन बनाए थे। और केवट समाज की टीम 67 रन पर ऑल आउट हो गई। सिख समाज ने पहले मैच जीत कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सिख समाज के आगम हूरा को प्रदान किया गया। उन्होंने शानदार 39 रन बनाए थे। और शानदार गेंदबाजी भी की थी। पिछली बार सिख समाज की टीम सोसाइटी प्रीमियर लीग की उप विजेता रही है।

### आर्यन भाटिया का शानदार प्रदर्शन

सोसाइटीप्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में दूसरे दिन फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में जिला क्रिकेट संघ के खिलाड़ी शहर के क्रिकेटर आर्यन भाटिया ने आज अपनी टीम को जिताने में बड़ी भूमिका निभाई। सिख समाज और केवट समाज के बीच हुए मैच में विकेट कीपिंग करते हुए सिख समाज के श्रेष्ठ खिलाड़ी आर्यन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केवट समाज के तीन खिलाड़ियों के केच लेकर उन्हें पवेलियन भेजा। उन्होंने शानदार गेंदबाजी भी किया । सिख समाज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 26 रन पर केवट समाज के पांच विकेट पवेलियन लौटे थे।

---

# युवा महोत्सव में लोक, सूफी और आधुनिक संगीत का अद्भुत संगम

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सांस्कृतिक विविधता, लोक परंपरा और आधुनिक संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव के मंच पर एक के बाद एक प्रस्तुत हुईं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**बिलासपुर।** संगीत, लोकधुनों और सूफियाना अंदाज से सजे इस आयोजन में युवाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के दर्शकों में खासा उत्साह रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वप्निल बैंड की शानदार और ऊर्जावान प्रस्तुति से हुई। बैंड ने देशभक्ति और भावनाओं से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को देशभक्ति भावना से भर दिया। बैंड द्वारा प्रस्तुत वंदेमातरम्, छाप तिलक और तेरी दीवानी जैसे लोकप्रिय गीतों पर दर्शक झूमते नजर आए। विशेष रूप से गीतकार राकेश शर्मा के गीतों ने श्रोताओं के दिलों को छू लिया।

सुप्रसिद्ध लोक गायिका आरू साहू ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की भावनात्मक प्रस्तुति देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने मैया जसगीत, जय श्री राम, सुआ गीत और पंथी, पचरा गीत की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दियाउनकी गायकी में छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, आस्था और परंपरा की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। पंथी गीत पर दर्शकों ने विशेष उत्साह दिखाया और तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया,युवा उनके गीतों पर झूमते नजर आए।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए काफिला बैंड ने अपने सूफियाना गीतों की प्रस्तुति से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। सूफी संगीत की गहराई और भावनात्मकता ने श्रोताओं को आत्मिक शांति का अनुभव कराया। बैंड की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं, बस्तर बैंड 'दायरा' की जोशीली और दमदार प्रस्तुति ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। पारंपरिक और आधुनिक संगीत के मिश्रण से सजी उनकी प्रस्तुति पर युवा दर्शक खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए। बस्तर अंचल की सांस्कृतिक छाप लिए इस प्रस्तुति ने युवाओं को उत्साहित किया।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर दहशत मचाने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लहराकर दहशत मचाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस को सूचना मिली तुर्काडीह चौक में एक युवक चाकू लहराकर दहशत मचा रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर घुटकू निवासी राहुल यादव पिता दिनेश यादव 20 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### घर के सामने खड़ी दो कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** बीती रात खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए कार सवार ने सब्जी व्यापारी की दो कारों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सिंधी कालोनी निवासी थोक सब्जी व्यापारी राकेश वाधवानी पिता तिरथ दास वाधवानी 24 दिसंबर की रात अपनी होण्डा अमेज क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 8198 एवं हुंडई क्रेटा कमांक सीजी 10 बीजे, 8198 घर के बाहर सड़क किनारे साइड में खड़े किया था। रात 12.30 बजे गणेश चौक की ओर से जा रही कार क्रमांक सीजी 04 एलजेड, 3100 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए उनकी दोनों कारों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाले कार की नम्बर प्लेट वहीं टूट गिरा हुआ था। एक्सीडेंट की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने श्री वाधवानी की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल 29 से

**बिलासपुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का तीन दिवसीय निश्चित कालीन हड़ताल 29 दिसंबर से प्रारंभ किया जा रहा है। फेडरेशन जिला शाखा बिलासपुर के महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि आगामी प्रांतीय निकाय के आह्वान पर तीन दिवसीय निश्चित कालीन हड़ताल 29 से 31 दिसंबर तक होना है। इसमें जिले के सभी कर्मचारियों अधिकारियों की व्यापक सहभागिता करने फेडरेशन के पदाधिकारी के द्वारा मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय, नई कंपोजिट बिल्डिंग, श्रम विभाग, फर्म्स समिति, स्थानीय निधि सम परीक्षा, कोष एवं पेंशन विभाग, उद्योग एवं व्यापार, ग्रामीण एवं शहरी निवेश, प्रशिक्षण केंद्र, जिला कोषालय, जिला पंचायत में संपर्क किया गया। संपर्क अभियान के दौरान कार्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने हड़ताल का स्वागत करते हुए उत्साह के साथ प्रदर्शन में शामिल होने की सहमति दी। संपर्क अभियान के क्रम में कल पदाधिकारी के द्वारा पुराने कंपोजिट बिल्डिंग एवं शहर के अन्य कार्यालयों तथा अरपा पार, सरकंडा के सभी कार्यालय में संपर्क किया जाएगा। आज के संपर्क अभियान में जी आर चंद्रा, रोहित तिवारी, किशोर शर्मा, राजेश पांडे,अरुण पांडे, रमेश तिवारी, सुनील यादव, राजेश्वर वस्त्रकार,देवेंद्र ठाकुर आदि शामिल थे।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 जनवरी तक

**बिलासपुर।** प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला बिलासपुर द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च से जून 2026 तक के लिए आवेदन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक मंगाए गए हैं। बिलासपुर संभाग अधिनस्थ समस्त कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा है कि वे कार्यालय में पदस्थ लिपिक वर्गीय कर्मचारी जिन्होंने तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके, लेखा प्रशिक्षण हेतु इच्छुक लिपिक वर्गीय कर्मचारियों का निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, तृतीय तल बिलासपुर को प्रेषित करें। आवेदन पत्र इस प्रकार भेजने की व्यवस्था करें कि 31 जनवरी तक निर्धारित कार्यालयीन समय में इस कार्यालय को प्राप्त हो जाये। पूर्व में आवेदन कर चुके सभी कर्मचारियों को भी इस सूचना के प्रकाशन उपरांत प्रवेश हेतु पुनः आवेदन करना अनिवार्य है।

---

**उपभोक्ता फोरम में ही 200 मामले दायर** | **कंपनियों की कई शर्तों के कारण परेशान उपभोक्ता पहुंच रहे हैं न्यायालय तक**

# इलाज के भारी खर्च से बचने हेल्थ इंश्योरेंस, लेकिन छह सालों में इससे जुड़ी शिकायतें दोगुनी

**बिनासपुर।** देश में हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर जागरूकता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ी है, खासकर कोविड के बाद। लोग इलाज के भारी खर्च से बचने के लिए पॉलिसी तो ले रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही शिकायतों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है।




कंपनियों की कई शर्तों के कारण परेशान उपभोक्ता न्यायालय तक पहुंच रहे हैं। पिछले छह सालों में हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़ी शिकायतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। 2025 में स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों में करीब 62 फीसदी पॉलिसियां छोटे, कस्बाई इलाकों और ग्रामीण इलाकों में बिकी हैं। हालांकि बीमा के नाम पर भरोसा देकर ग्राहकों को जोड़ने वाली कंपनियां जब मुसीबत की घड़ी में पीछे हटती हैं, तो लोगों को न्याय की आस लेकर उपभोक्ता फोरम का रुख करना पड़ता है। बिलासपुर उपभोक्ता फोरम में स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के खिलाफ 200 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई हैं। इसमें अकेले स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी पर 100 मामलों में बीमा क्लेम में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगे हैं। हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस पर लगने वाला पूरा 18% जीएसटी खत्म कर दिया गया है। उदाहरण के लिए, अगर आपका सालाना प्रीमियम 20,000 रुपए था तो आपको 23,600 रुपए चुकाने पड़ते थे। अब यह घटकर सीधा 20,000 रुपए ही रह जाएगा। यानी प्रीमियम पर टैक्स का बोझ पूरी तरह खत्म हो गया है।

इधर शिकायतों की संख्या बढ़ती जा रही है। कुल शिकायतों में हेल्थ इंश्योरेंस का हिस्सा लगभग 80 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। कुछ मामलों में इलाज के दौरान हॉस्पिटल और बीमा कंपनियों के बीच सेटलमेंट प्रक्रिया जटिल हो जाती है। नेटवर्क हॉस्पिटल बदलने या कैशलेस से रीइंबर्समेंट मोड में जाने पर क्लेम अटक सकता है। इस सेटलमेंट स्वैपिंग के कारण मरीज को इलाज के बाद लंबे समय तक पैसे का इंतजार करना पड़ता है, जिससे शिकायतें बढ़ती हैं।

### 100 से अधिक याचिकाएं दाखिल

इधर जिला उपभोक्ता फोरम में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ 100 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई हैं। अपोलो अस्पताल की डॉ. दास सहित कई उपभोक्ताओं ने कंपनी पर बीमा लाभ न देने का आरोप लगाया है। सुनवाई के बाद उपभोक्ता फोरम ने डॉ. दास के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कंपनी को 2 लाख रुपये मुआवजा और वाद खर्च 45 दिनों के भीतर अदा करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही एक अन्य मामले में भी फोरम ने कंपनी को 1 लाख रुपये मुआवजा और वाद खर्च देने का निर्देश दिया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि, बीमा कंपनियां आकर्षक ऑफर देकर ग्राहकों को जोड़ती तो हैं, लेकिन जब लाभ देने की बारी आती है, तो वे पीछे हट जाती हैं। इससे असंतुष्ट होकर कई उपभोक्ताओं को फोरम का दरवाजा खटखटाना पड़ता है।

### यह हैं सबसे आम शिकायतें

हेल्थ इंश्योरेंस में सबसे ज्यादा शिकायतें क्लेम से जुड़ी होती हैं। कई मामलों में क्लेम की रकम पूरी नहीं मिलती या फिर किसी न किसी वजह से क्लेम खारिज कर दिया जाता है। अक्सर कंपनियां यह कहती हैं कि इलाज की जरूरत नहीं थी, हॉस्पिटल में भर्ती होना जरूरी नहीं था या फिर इलाज ओपीडी में हो सकता था। कई बार मेडिकल हिस्ट्री पूरी तरह न बताने के आधार पर भी क्लेम रिजेक्ट हो जाते हैं। पुरानी बीमारी का हवाला देकर भी क्लेम नहीं दिया जाता।

### इंश्योरेंस की पॉलिसी में इन बातों का रखें ध्यान

बीमा सलाहकार ध्रुव अग्रवाल बताते हैं कि हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी कवर का फायदा तभी मिलता है, जब अस्पताल में भर्ती होना पड़े। आमतौर पर आउटपेशेंट खर्च जैसे मामूली घाव का इलाज पॉलिसी से कवर नहीं होता है। अगर यह घटना किसी गंभीर चोट में बदल जाती है, तो क्रिटिकल इलनेस कवर या ऐड ऑन भी मददगार हो सकता है। इस तरह के क्लेम के लिए पुलिस रिपोर्ट (एफआईआर) या दूसरे कानूनी दस्तावेजों की जरूरत पड़ती है। लिहाजा कोई कानूनी दस्तावेज हो, उसे संभालकर जरूर रखें। जब भी आप कोई हेल्थ इंश्योरेंस लें उसके नियम और शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

---



छठ घाट से मोपका जाने वाली सड़क पर राखड़ से भरा हाइवा अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया।

---

**ईदगाह चौक पर 25 सालों से चल रहा फूल बाजार यहीं शिफ्ट होगा**

# 26 लाख में व्यापार विहार में बना सब्जी बाजार पांच साल से वीरान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के ईदगाह चौक पर पिछले 25 सालों से चल रहे फूल बाजार को व्यापार विहार में शिफ्ट किया जा रहा है। पांच साल पहले जहां पौनी पसारी योजना के तहत 26 लाख में सब्जी बाजार स्थापित किया गया था, वह वीरान हो गया है। फूल बाजार यहीं लगाया जाएगा।

निगम इसके लिए शेड, पार्किंग और दूसरी व्यवस्था कर रहा है। इधर व्यापारियों का कहना है कि यहां की 31 दुकानें और 400 से अधिक कारीगरों की आजीविका फूलों के इस व्यवसाय से जुड़ी है। यदि सुविधाओं के साथ नया बाजार मिलता है, तो वे शिफ्ट होने के लिए तैयार हैं। व्यापारी जगह को स्थायी भी नहीं मान रहें हैं इसे वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर देखा जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि निगम कोई व्यवस्था नहीं बना पा रहा है। कोई भी जगह जो कि शहर के बीच में हो वहां गुमटी बनाकर स्थायी तौर पर दे दी जाए तो वे लोग जाने को तैयार हैं। इस तरह से बार-बार हटाना सही नहीं है। ध्यान रहे कि शहर में फूलों का व्यवसाय शहर में तेजी बढ़ा है। खास तौर पर जेल चौक की 30 से अधिक दुकानों में सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक रौनकता रहती है। ग्राहकों को उनके मनपसंद फूलों के साथ- साथ बेलपान, दुबी के धतुरा व बेल फल भी उपलब्ध हो जाते हैं।

### निगम स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा

जेल चौक में फूल बाजार 2001 से लगना शुरू हुआ है। निगम ने बाद में इसे मिशन अस्पताल के पीछे जेल चौक वाले रास्ते में शिफ्ट करने का फैसला लिया था। तब से लेकर इस जगह पर 31 व्यापारी लगातार अपनी दुकानें लगाते हैं। यहां कारोबार करने वाले राशि माली, विजय साहू और रतन कश्यप ने बताया कि निगम कोई भी स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। जेल चौक में दुकानें स्थापित हो गईं हैं और शहर ही नहीं आसपास के लोग यहां फूल, माला लेने पहुंचते है। अब अचानक से दूसरी जगह पर भेजा जाना सही नहीं है।

### सुविधाजनक और व्यवस्थित तो हटने को तैयार

फूल व्यापारी राजकुमार यादव ने बताया कि यह मार्केट 25 साल पुराना है और यहां फूलों की 31 दुकानें हैं। इस जगह से हमें काफी ज्यादा लगाव हो गया है, क्योंकि वर्षों से हमारे ग्राहक इन्हीं स्थानों पर आकर खुशी-खुशी फूल खरीदकर ले जाते हैं। इसलिए इस जगह से दूर नहीं होना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन का सहयोग करना भी जरूरी है। संघ के अध्यक्ष रॉकी सैनी और अन्य व्यापारियों ने निगम से व्यवस्थित दुकानें, पार्किंग और सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाओं की मांग की है। उनका कहना है कि पार्किंग की कमी के कारण जाम की समस्या होती है। दूल्हा गाड़ी और ग्राहकों की गाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती है। फूल बाजार में काम करने वाले 400 से अधिक कारीगर और श्रमिक अपनी आजीविका इसी व्यवसाय से चलाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि नया बाजार सुविधाजनक और व्यवस्थित होगा, तो वे निगम द्वारा तय शुल्क देने के लिए भी तैयार हैं. पुरानी दुकानों की स्थिति जर्जर हो चुकी है, इसलिए नई और व्यवस्थित दुकानों की मांग भी उठाई गई है।

### सुविधा दिलाने का हो रहा प्रयास

रिवर व्यू में फूल बाजार लगाए जाने की योजना थी, लेकिन यहां दिन भर गाड़ियों की आवाजाही रहती है, इसलिए व्यापार विहार में जहां पौनी पसारी योजना के तहत सब्जी व्यापार स्थापित किया गया था, वहां फूल बाजार को शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। यहां पार्किंग के साथ ही दूसरी व्यवस्थाएं बेहतर हैं। निगम व्यापारियों को हरसंभव सुविधा दिलाने के लिए प्रयासरत है।

**- खजांची कुम्हार, अपर आयुक्त**

---

**मित्तल फैक्ट्री में भीषण आग**

# मृत कर्मचारी के कंकाल का किया गया पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शार्टसर्किट से मित्तल फर्नीचर फैक्ट्री में भड़की आग की चपेट में आए दो कर्मचारियों की आग से जलकर मौत होने गई थी। घटना के तीसरे दिन फैक्ट्री में मिले मृत कर्मचारी के कंकाल का पोस्टमार्टम कराया गया है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी जांच टीम गठित नहीं हुई है। एक तरह से मामले जांच धीमी गति से चल रही है। अब तक केवल मृतक के भाई सहित पांच लोगों का बयान दर्ज किया गया है।

23 दिसंबर को दोपहर 3 बजे सिरगिट्टी सेक्टर बी स्थित मित्तल फर्नीचर के फैक्ट्री में शार्टसर्किट होने से चिंगारी निकली, तारपीन तेल में चिंगारी गिरने से भीषण आग लग गई थी। भागते समय आग की चपेट में आकर कर्मचारी तिफरा निवासी अभिजीत उर्फ आयूष सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। वहीं दूसरा कर्मचारी भवानी नगर निवासी रितेश शुक्ला गंभीर रूप से झुलस गया था। जिसकी रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। गुरूवार को फैक्ट्री के अंदर मिले मृत



फर्नीचर फैक्ट्री में लगी भीषण आग, भागते समय गिरने से एक कर्मचारी की मौत, दूसरा झुलसा

कर्मचारी के कंकाल का पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। भीषण आगजनी में दो कर्मचारियों की मौत हो गई है और मामले की जांच धीमी गति से चल रही है। अब तक केवल मृतक के भाई सहित पांच लोगों को बयान दर्ज किया गया है। मजेदार बात यह है की मामले की जांच को कोई पुलिस टीम नहीं बनाई गई है।

### निकली थी चिंगारी

टीआई किशोर केंवट ने बताया, मृतक अभिजीत सूर्यवंशी के भाई आशीष सूर्यवंशी ने अपने बयान में कहा है वे सभी फैक्ट्री में काम कर रहे थे। मोटर बोर्ड को चालू करने पर शार्टसर्किट होने से चिंगारी निकली और तारपीन तेल में गिरने से आग ने भीषण रूप ले लिया था।

### था ज्वलनशील पदार्थ

फैक्ट्री के अंदर टेंकर व डिब्बों में भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ खुला में रखा हुआ था। जिससे आग ने भयकर रूप ले लिया था। फैक्ट्री के अंदर सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम नहीं किया गया था।

### मर्ग कायम किया गया

फैक्ट्री के आग लगने से दो कर्मचारियों के मौत के मामले में सिरगिट्टी पुलिस ने आगजनी व मर्ग कायम कर जांच कर रही है। कर्मचारियों का बयान दर्ज किया जा रहा है। विशेष रूप से जांच टीम का गठन नहीं हुआ है।

**-निमितेश सिंह परिहार, सीएसपी**

---

### दो सांड लड़ते हुए बाइक सवार बुजुर्ग के ऊपर चढ़े



**बिलासपुर।** दो सांड बीच सड़क पर लड़ते हुए बाइक सवार बुजुर्ग के ऊपर चढ़ गए, जिससे उनका पैर फैक्चर हो गया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। तखतपुर बेलपान ठाकुरकांपा निवासी मिथुन लाल ध्रुव ने बताया, गुरूवार की सुबह उनके पिता बसंतलाल ध्रुव 75 साल बाइक से निमंत्रण देने धौरापाली गए थे। वापस लौटते समय धौरापाली मार्ग के बीच सड़क पर दो सांड लड़ते हुए उनकी बाइक पर चढ़ गए। जिससे उनका एक पैर फैक्चर हो गया है। सूचना मिलने पर परिजन घायल पिता को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

---

# पुरानी रंजिश में पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुरानी रंजिश में दो पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट हो गई है। एक पक्ष पर तलवार व स्टिक से जानलेवा हमला कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा महाराष्ट्र मण्डल गली निवासी आशुतोष सिंह पिता स्व. विजय सिंह रेलवे में ठेकेदारी का काम करते हैं। 4 साल पूर्व उनका पड़ोसी भट्टाचार्य परिवार से विवाद हो गया था। उसके बाद उनके बीच बातचीत नहीं हो रही थी। 24 दिसंबर को रात 9 बजे घर के सामने में स्कूटी में वे अपने दोस्त बादल राय के साथ बैठे थे। इसी दौरान ऋषिकेश भट्टाचार्य, उसके पिता जी राजेशचंद्र उसका छोटा भाई मितेश भट्टाचार्य आए और पीछे से आशुतोष का कंधा पकड़कर मारपीट करने लगे। उनके दोस्त बादल राय ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। उनके चाचा मृत्युजय सिंह, बड़े भाई दिव्यदीप सिंह ने बीच बचाव किया तो तीनों ने मिलकर कार से तलवार व हाकी स्टिक, बेसबाल से जानलेवा हमला कर दिया। दूसरे पक्ष से टिकरापारा निवासी ऋषिकेशचंद्र भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि वे अपने पिता व भाई के साथ बाजार से आकर अपनी कार को घर के पास पार्क कर रहे थे। उन्हें देखकर आशुतोष सिंह गाली गलौज करने लगा। मना करने पर वह उत्तेजित होकर गाली देने लगा। इतने में अजय सिंह उसके लड़के व अन्य लोग आए और एकराय होकर उनके पिता जी राजेशचंद्र भट्टाचार्य के साथ मारपीट करने लगे। वे परिवार के साथ बीच बचाव करने लगे तो उनके साथ मारपीट कर पथराव किया गया है, जिससे उनकी कार का शीशा, घर के कांच टूट गए हैं। पुलिस ने आशुतोष सिंह की रिपोर्ट पर ऋषिकेश भट्टाचार्य, राजेशचंद्र, मितेश भट्टार्चा के खिलाफ 115, 2, 296, 3, 5, 351 व 25, 27 आर्म्स एक्ट व ऋषिकेशचंद्र की रिपोर्ट पर आशुतोष सिंह, अजय सिंह, उसके लड़के व अन्य लोग के खिलाफ 115, 2, 296, 3, 5, 351,2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

---

# वन भूमि में अवैध रेत खनन, 5 ट्रैक्टर ट्रालियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- वन विकास निगम ने की कार्रवाई

वन विकास निगम ने मुखबिर की सूचना मिलने के बाद वन भूमि की जमीन पर अवैध रेत खनन करने के दौरान 5 ट्रैक्टर और ट्रालियों को जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार वन विकास निगम की प्रोजेक्ट रेंज भैंसाझार और उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कलमीटार बीट के कम्पार्टमेंट नम्बर पीएफ 1586 में बिना अनुमति के रेत का उत्त्खनन किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद विभाग के डिवीजनल मैनेजर के निर्देश पर प्रोजेक्ट रेंजर वैभव साहू के नेतृत्व में वन विकास निगम और उड़नदस्ता की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां टीम ने अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रही पांच ट्रैक्टर ट्रालियों को जब्त करने के बाद उत्त्खनन किए गए रेत को भी कब्जे में ले लिया। टीम ने जब्त वाहनों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने के बाद मौके पी ही पीओआर प्रकरण तैयार किया। इस दौरान वन विकास निगम ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत कार्रवाई शुरु कर दी है। वन विकास निगम के वन मंडलाधिकारी के अनुसार वन क्षेत्र में अवैध खनन से पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचती है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ग्रामीणों एवं वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन कर किसी भी अवैध खनन या वन अपराध की सूचना तत्काल विभाग कों दें, ताकि वन संपदा का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

---

# पीएम आवास का पैसा दिलाने का झांसा देकर बुजुर्ग महिला से जेवर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीएम आवास का पैसा दिलाने का झांसा देकर बाइक सवार दो युवक बुजुर्ग महिला से सोने की माला ठगी कर फरार हो गए। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



सिविल लाइन थाना के एसआई विष्णु साहू ने बताया कि सीपत क्षेत्र के ग्राम पंधी निवासी जानकी भट्ट पति दशरथ भट्ट 61 काम से कवर्धा गई थीं। बुधवार की दोपहर 3 बजे बस वे महाराणाप्रताप चौक आईं। वे बस से उतरकर खड़ी हुई थीं, इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और उन्हें बताया उनका पीएम आवास का 2.50 लाख स्वीकृत हो गया है। बैंक जाने पर वे पैसा निकलवाकर देंगे। बुजुर्ग महिला उनकी बातों में आकर उनकी बाइक में बैठ गई। दोनों युवक महिला को बैठाकर घुमाते रहे और एक बैंक के पास ले जाकर एक युवक अंदर गया और कुछ देर बाद बाहर निकलकर कहा गुरूवार की सुबह 10 बजे पैसा निकलेगा। दोनों उसे लेने के लिए उसके घर आएंगे। वे अमानत के तौर पर रखाने के लिए उनसे पांच फर वाला सोने की माला लेकर निकल गए। महिला आटो पकड़कर गांव चली गई।

गुरूवार की सुबह वे दोनों युवकों के आने का इंतजार कर रही थीं। दोनों युवकों के नहीं आने पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। बुजुर्ग महिला ने सिविल लाइन थाने आकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात दो लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152